तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 29 जुलाई 2026

11 यात्रियों की सुविधा के लिए एक अगस्त से 28 जोड़ी रेलसेवाओं में बढ़ाये जा रहे विभिन्न श्रेणी के 88 डिब्बे



12 जिला स्तरीय खेलों में गर्ल्स व ब्वायज ने दिखाया दम, विजेता खिलाड़ी राज्य स्तर पर दिखाएंगे जौहर



### एक गोदाम पर पाए गए घरेलू सिलेंडर, बिना अनुमति चलते मिले बायलर

# त्योहारी सीजन पर सीएम फ्लाइंग एक्टिव, दो गोदामों से लिए मिठाइयों के सैंपल, बिना अनुमति चलते मिले बायलर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

त्योहारी सीजन पर मिलावटखोरी रोकने के लिए सीएम फ्लाइंग टीम ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ संयुक्त टीम बनाकर मिठाई के गोदामों पर छापेमारी की। फ्लाइंग टीम ने मंगलवार को दो हलवाइयों के गोदामों पर छापेमारी करते हुए न सिर्फ मिठाइयों के सैंपल लिए, बल्कि एक गोदाम पर घरेलू सिलेंडरों का इस्तेमाल होता हुआ पाने पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के बाद शहर के अन्य मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी मौजूद रहे। सीएम फ्लाइंग के एसआई सुरेंद्र सिंह के साथ जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. संदीप कुमार, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के एसडीओ सुधीर बल्हारा और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ शांति नगर में हरिसिंह स्वीट्स की फैक्ट्री पर रेड की। फैक्ट्री का लाइसेंस निरीक्षण के दौरान वैध पाया गया। वहां 50 किलोग्राम घेवर, 120 किलोग्राम खोया व 120 लीटर दूध पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर ही मिठाइयों और दूध के सैंपल लिए।

बाद में सैंपलों को सील करने के बाद लैब भेज दिया गया। लैब जांच में अगर मिलावट सामने आती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसी फैक्ट्री में बायलर चल रहा था, जिसके संचालन की अनुमति प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड से नहीं ली हुई थी। संचालक प्रदीप कुमार और खेमकरण बायलर का लाइसेंस पेश नहीं कर पाए। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से उन्हें नोटिस जारी किया गया है।



रेवाड़ी। मिठाईयों के सेंपल लेता कर्मचारी व मौजूद सीएम फ्लाइंग टीम। फोटो: हरिभूमि

### बिना लाइसेंस के चल रही थी फैक्ट्री

सीएम फ्लाइंग ने इसके बाद नई आबादी में नंद स्वीट्स के गोदाम व फैक्ट्री पर रेड की। फैक्ट्री मालिक कोई लाइसेंस पेश नहीं कर सका। फैक्ट्री में 27 किलोग्राम खोया व 30 किलोग्राम घेवर मिला, जिसके मौके पर ही सैंपल लिए गए। फैक्ट्री में बायलर भी बिना अनुमति के चलता पाया गया, जिस कारण प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से भी उसे नोटिस जारी किया गया है। खाद्य सामग्री के सैंपल जांच के लिए भेज दिए गए हैं।

### प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से नोटिस जारी

नंद स्वीट्स की फैक्ट्री में रेड के दौरान घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का इस्तेमाल होना भी पाया गया। फैक्ट्री में 8 घरेलू गैस सिलेंडर रखे हुए थे, जिनमें से 2 सिलेंडर भरे हुए और 6 खाली थे। खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार ने इन सिलेंडरों को मौके पर ही जब्त कर लिया। फैक्ट्री संचालक को प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर से भी नोटिस जारी किया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।



### मिलावटखोरी का बाजार हो रहा गर्म

सावन माह के दौरान तीज व दूसरे त्योहार आते हैं, जिनमें घेवर सहित दूसरी मिठाइयों की डिमांड काफी बढ़ जाती है। बढ़ी हुई मांग का फायदा उठाते हुए मिलावटखोर भी सक्रिय हो जाते हैं। सूत्रों के अनुसार शहर में कई गोदामों में मिलावटी मिठाइयां तैयार होती हैं, जिन्हें बाद में दुकानों में सजाकर बेचा जाता है। मंगलवार को शुरू हुई कार्रवाई ने मिलावटखारों में हड़कंप पैदा कर दिया है।



रेवाड़ी। मिष्ठान भंडार में घेवर बनाता कारीगर। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना मामले का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिले के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस शिकायत में पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। पुलिस ने 27 जुलाई को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के ढाणा निवासी जितेंद्र कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद मौके से फरार हुए दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। कसोला पुलिस ने वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत होने के बाद गत वर्ष 12 दिसंबर को वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने यूपी के जलालपुर निवासी नाराण को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। थाना कोसली पुलिस ने गत 17 जुलाई को हुए हादसे में आरोपी ट्रॉला चालक महेंद्रगढ़ के गांव ढाढो निवासी अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी चढ़े हत्थे

**रेवाड़ी।** सिटी पुलिस ने युवक पर सुएं से हमला करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर गत 17 जुलाई को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। सब्जी मंडी गए युवक पर कई लोगों ने हमला कर दिया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में कुतुबपुर निवासी साहिल और प्रतीक को गिरफ्तार किया गया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### मारपीट मामले का आरोपी भेजा जेल

**कोसली।** जून माह में कारोली गांव में मारपीट करने और जातिसूचक शब्द कहने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने गत 12 जून को एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच डीएसपी विद्यानंद ने की थी। जांच के बाद पुलिस ने कारोली निवासी अमित को इस मामले में गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## नहर में गिरा नीलगाय का बच्चा फायर ब्रिगेड ने बाहर निकाला





रेवाड़ी। नहर में गिरा नील गाय का बच्चा, मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मंदोला के पास धवाना नहर में मंगलवार तड़के एक नील गाय का बच्चा गिर गया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने लगभग 2 घंटे की मशक्कत के बाद नील गाय को सुरक्षित बाहर निकालने के बाद खेतों में छोड़ दिया। सिंचाई विभाग के कर्मचारी ने मंदोला पंप हाउस के पास नहर में एक नील गया का बच्चा पड़ा देखकर इसकी सूचना वन्य प्राणी विभाग व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। नील गाय का बच्चा झुंड से बिछुड़ने के बाद नहर में गिर गया था। नहर में पानी का बहाव कम होने के कारण नील गाय का बच्चा काफी देर पानी में ही विचरण करता रहा। नहर काफी निचाई में होने के कारण बच्चा नहर से बाहर नहीं निकल पाया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने उसे बाहर निकालने के प्रयास किए, तो नील गाय के बच्चे ने पानी में ही विपरीत दिशा में दौड़ना शुरू कर दिया। काफी देर मशक्कत करने के बाद नील गाय को बाहर निकाल लिया गया। बाहर निकालते ही उसे परीक्षण के बाद खेतों की ओर छोड़ दिया गया।

### मामूली चोटों से घायल हुआ

वन्य प्राणी विहार के कर्मचारियों ने बताया कि काफी ऊंचाई से गिरने के कारण नील गाय को मामूली चोटें भी आई, लेकिन बच्चा पूरी तरह सुरक्षित बच गया। उसकी जान को किसी तरह का कोई खतरा नहीं था। नहर से निकालने के बाद उसका परीक्षण करते हुए खेतों में छोड़ दिया गया।

### फरार चल रहा पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए जा चुके एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे एक मामले में बिढ़ावास निवासी मनोज लगातार अनुपस्थित चल रहा था। सम्मन जारी होने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ। कोर्ट ने उसे पीओ घोषित करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 27 जुलाई को केस दर्ज कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।




## दो एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को बावल की राजस्व सीमा में अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम नांगल शहबाजपुर में पहुंची, जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का जमींदोज कर दिया। टीम ने यहां पर 3 डीपीपी, 1 अर्वध निर्माण व कच्चे रोड नेटवर्क को समतल कर दिया।

डीटीपी नरेन्द्र नैन ने कहा कि लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने लोगों से नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदने का आह्वान किया। डीटीपी ने कहा कि विभाग की ओर से अवैध निर्माणों पर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



रेवाड़ी। बावल क्षेत्र में अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

## लूटपाट के मामले में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में पीओ रवि उर्फ गोली। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सिटी पुलिस ने लूटपाट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को कोर्ट ने पीओ घोषित कर दिया था, लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका था। एएसआई सुखपाल ने बताया कि आरोपी रवि उर्फ गोली वर्ष 2021 में थाना शहर में दर्ज लूटपाट के एक मामले में फरार चल रहा था। अदालत ने उसे पीओ घोषित कर दिया था। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर उसके खिलाफ एक और मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी रवि उर्फ गोली को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।



# दिवाली से पहले आएगा लव एंड वॉर का फर्स्ट लुक

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली की लव एंड वॉर इस वक्त सबसे बड़ी और सबसे ज्यादा इंतजार की जा रही फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 21 जनवरी 2027, यानी रिपब्लिक डे वीकेंड पर दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भंसाली के शानदार स्टोरीटेलिंग स्टाइल और भव्य विजुअल्स से सजी यह फिल्म दर्शकों को बड़े पर्दे पर एक शानदार और इमोशनल अनुभव देने वाली है। फिल्म हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी। इसी बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है। फिलहाल फर्स्ट लुक पर काम चल रहा है और उम्मीद है कि इसे दिवाली 2026 से पहले रिलीज कर दिया जाएगा।

लाइफ Style

# निहारिका

## इंटीमेट सीन के चक्कर में हाथ से गई फिल्म

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से बॉलीवुड डेब्यू करने को तैयार हैं। इस बीच उन्होंने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। कंटेंट क्रिएटर के तौर पर अपनी पहचान बनाने वाली निहारिका एनएम ने साल 2023 में अमेरिकी सिटकॉम 'बिग माउथ सीजन 7' में गेस्ट वॉइस रोल के साथ अपने करियर को ग्लोबल लेवल पर पहुंचाया।

एक्टिंग सफर की शुरुआत पिछले साल तमिल फिल्म 'पेरुसु' से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मित्रा मंडली और इध्यम मुरली में भी काम किया। अब वे बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रही हैं। निहारिका एनएम फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' से हिंदी फिल्मों में बोहनी कर रही हैं। वे राघव जुयाल के साथ स्क्रीन साझा करती दिखेंगी। इस बीच अभिनेत्री ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उनका कहना है कि इंटीमेसी क्लॉज की वजह से उन्हें एक फिल्म से हाथ धोने पड़े थे। वे बोल्ड सीन करने के तैयार नहीं थीं। एक घटना को याद करते हुए वे बताती हैं, 'एक फिल्म मुझे करनी थी। इसे एक बहुत बड़े डायरेक्टर बना रहे थे। उन्होंने मुझे खुद चुना था। मैंने उस रोल के लिए ऑडिशन दिया था और लुक टेस्ट भी हो गया था'। निहारिका ने आगे कहा, 'मेरे घर पर कॉन्ट्रैक्ट भेजा गया था और मैंने उस पर साइन कर दिया। उसमें इंटीमेट सीन से जुड़ी एक शर्त थी और मैंने उन्हें बता दिया था कि मैं ऑन-स्क्रीन इंटीमेसी करने में सहज नहीं हूं। वे इसके लिए तैयार थे और बॉडी डबल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। लेकिन, एक्टर बॉडी डबल के साथ वह सीन करने के लिए तैयार नहीं थे।



## हॉलीवुड मसाला



# स्पाइडर-मैन ... से किसिंग सीन हटे

**मुंबई।** फिल्म 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' 31 जुलाई को रिलीज होने जा रही है। भारत में भी फिल्म रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने तीन बदलावों के निर्देश के बाद भारत में 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' की रिलीज को मंजूरी दे दी है। इन बदलावों के बावजूद फिल्म की पीटर पार्कर वाली डार्क कहानी और एक्शन सीन वैसे ही रहेंगे। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भारतीय सिनेमाघरों में इस गुरुवार को रिलीज होगी। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने इसे यूए 13+ सर्टिफिकेट के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है।



# एवेंजर्स डूम्सडे का ट्रेलर कल होगा रिलीज...

**नई दिल्ली।** एवेंजर्स डूम्सडे फिल्म का बजट 4500 करोड़ रुपए है। इसमें ऐसे 23 सुपरहीरो हैं जो दुनिया के सबसे खतरनाक विलेन से टकराने जा रहे हैं। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर विशेष रूप से 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ दिखाया जाएगा, जो 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर फिल्म के सभी भाषा संस्करणों के साथ दिखाया जाएगा, जिससे दर्शकों और इस भव्य सुपरहीरो फिल्म के प्रशंसकों को एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलेगा। मार्वल स्टूडियो की 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का निर्देशन एंथनी रूसो और जो रूसो ने किया है।फिल्म का निर्माण केविन फेग, लुई डी'एस्पोसिटो और जोनाथन श्वाट्र्ज ने किया है।फिल्म में रॉबर्ट डाउनी जूनियर, क्रिस इवांस, क्रिस हेम्सवर्थ, पेड्रो पास्कल, पॉल रुड, एंथनी मैकी, फ्लोरेंस प्यू, वनेसा किर्बी, एबन मॉस-बाकरैक आदि नजर आएंगे।



# मॉम-2 में खुशी निभाएंगी लीड रोल...

**मुंबई।** महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम'2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।



# बंटवारा 1947 का ट्रेलर है दमदार

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'बंटवारा 1947' में सनी देओल लीड रोल में हैं। सोमवार को इस फिल्म का ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के ट्रेलर में 1947 के बंटवारे का समय दिखाया गया है। इसमें एक परिवार की कहानी है, जिसकी जिंदगी बंटवारे की हिंसा, डर और जबरन पलायन की वजह से बदल जाती है। जो लोग कभी साथ रहते थे, वो अब बंटवारे के कारण बिछड़ गए हैं। इसी बीच सनी ट्रेलर में एक ऐसे शख्स के किरदार में नजर आते हैं, जो किसी भी हाल में अपने जमीर से समझौता नहीं करता है। वहीं, शबाना आजमी एक बुजुर्ग महिला के रोल में हैं, जो इंसानियत पर सबका भरोसा बनाए रखती हैं। प्रीति जिंटा भी ट्रेलर में नजर आती हैं, वह बंटवारे के मुश्किल दौर का सामना मजबूती से करती नजर आती हैं।

## टीवी मसाला



# एल्विश-तेजस्वी व आरुष संभालेंगे प्लेग्राउंड सीजन-5 का कमान

**नई दिल्ली।** गेमिंग रियलिटी शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' अपने अब तक के सबसे बड़े और खास फॉर्मेट के साथ वापसी के लिए तैयार है, जिसमें तीन मेंटर्स का एक पैनल शामिल होगा। दो बार के चैंपियन एल्विश यादव 'केओ क्रैकेंस' की कमान संभालेंगे, जबकि तेजस्वी प्रकाश 'रेजिंग सेंटॉर्स' की मेंटर के तौर पर डेब्यू करेंगी। उनके साथ आरुष भोला भी होंगे, जो 'पावर फीनिक्स' की जिम्मेदारी संभालेंगे। छह हफ्ते तक चलने वाले इस सीजन 5 में तीन टीमें जबर्दस्त मुकाबला करेंगी, ताकि आखिर में सिर्फ एक 'मास्टरमाइंड' विजेता बन सके। शो 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का ट्रेलर सोमवार का जारी हो चुका है। 'प्लेग्राउंड सीजन 5' का प्रीमियर 1 अगस्त को होगा। यह प्राइम वीडियो की तरफ से एमएक्स प्लेयर पर खास तौर से मुफ्त में स्ट्रीम किया जाएगा। ट्रेलर की शुरुआत में सभी मेंटॉर अपनी-अपनी दुनिया में खोए हुए दिखते हैं। तभी अचानक उनके आस-पास की असलियत में गड़बड़ी होने लगती है। एक-एक करके उन्हें एहसास होता है कि उन्हें मेंटॉर के तौर पर लॉक कर दिया गया है। सीधे असल जिंदगी वाले गेमिंग की दुनिया में खींच लिया गया है, जहां उन्हें एक-दूसरे का मुकाबला करना है। इस कॉम्पिटिशन में धीरे-धीरे ढलने का कोई समय नहीं है। मेंटॉर को हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा। अपग्रेड करना होगा और अपना दबदबा बनाना होगा, क्योंकि इस गेम में सब कुछ एक पल में खत्म हो सकता है।

## मैं अपने घर की डोर मैट थी : शिल्पा

**नई दिल्ली।** शिल्पा शिंदे ने 'लॉकअप 2' हालिया एपिसोड में दूसरे प्रतियोगियों के सामने अपने बिगड़ चुके पारिवारिक रिश्तों का जिक्र किया। एक्ट्रेस ने बताया कि जब उनकी कंधे की सर्जरी हुई तो उन्हें उनके ही घर से निकाल दिया गया था। शिल्पा शिंदे 'लॉकअप 2' में कहती हैं, 'हर्षद चोपड़ा आपको मैंने पहले चेताया था कि लोग आपका इस्तेमाल करते हैं। डोर मैट की तरह इस्तेमाल करते हैं। मैं भी अपने घर की डोर मैट थी। कुछ साल पहले मेरे कंधे की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के पांच दिन बाद मुझे मेरे ही घर से निकाल दिया गया था।



आपको लगेगा कि क्या मेरे परिवार वाले इतने बुरे हैं। तो देखिए, मेरे लिए ऐसी सिचुएशन बना दी गई थी। उन्हें पता था कि मैं सेल्फ रेस्पेक्ट वाली लड़की हूं। इसलिए मैं अपना घर छोड़ दिया। दरअसल, मेरा भाई अपनी वाइफ के इंफ्लुएंस में आ गया था और मेरी मां भाई की बातों को मानती थीं।' कुछ हफ्ते पहले योगेश रावत शो से बाहर हुए थे। अब सूफी मोतीवाला और धीरज कपूर भी शो से बाहर हो चुके हैं।

# सावन की दस्तक से पहले 'मैं दीवानी महाकाल की' गाना रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अदाकारा अक्षरा सिंह अपनी गायिकी के लिए भी मशहूर हैं। सावन की दस्तक से पहले उन्होंने महादेव को समर्पित भक्ति सॉन्ग रिलीज किया है। भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन अक्षरा सिंह अब बॉलीवुड में पहचान बना चुकी हैं। उन्हें अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम टू द जंगल' के एक गाने में देखा गया था। इसके अलावा उन्हें श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में देखा जाएगा। इस बीच अक्षरा अपने नए गाने को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। सावन का महीना शुरू होने वाला है। कोई भी त्योहार हो, भोजपुरी इंडस्ट्री में नए गानों की खूब बहार आती है। खेसारी लाल यादव से लेकर अक्षरा सिंह, पवन सिंह तक कई सितारे सावन के महीने में नए गाने लेकर आते हैं। अक्षरा सिंह ने यह सिलसिला शुरू कर दिया। उनका गाना 'मैं दीवानी महाकाल' की सोमवार को रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह अदाकारी के साथ-साथ सिंगिंग में भी माहिर हैं। अब उन्होंने अपने फैंस को नए गाने का तोहफा दिया है। यह भक्ति सॉन्ग अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। अक्षरा सिंह गाने में महादेव की भक्ति के रंग में रंगी दिख रही हैं। आर्मी प्रिंट आउटफिट में वे बुलेट पर सवार होकर जा रही हैं। रुद्रास की माला धारण कर वे यह गाना गुनगुना रही हैं। इसके बाद शिवलिंग के आगे बैठकर पूजा करती हैं और फिर कुछ साधु-संतों से मिलकर आशीर्वाद लेती हैं। बता दें कि अक्षरा सिंह महादेव की भक्त हैं। अक्सर वे काशी विश्वनाथ दर्शन करने जाती हैं। इस गाने की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपनी मां के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची थीं। अक्षरा के गाने पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है। यूजर्स ने लिखा है, 'हम बहुत दिनों से आपके गाने का इंतजार कर रहे थे'।



# अजीब हिंदी फिल्मों में गिनी जाती है नीचा नगर, बनाया था ऐसा रिकॉर्ड जो आज तक कोई नहीं तोड़ पाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा की ऑडियंस आज ज्यादा से ज्यादा ऑथेन्टिक और ऑरिजनल फिल्मों की डिमांड कर रही है। हालांकि, बीच में एक लंबे वक्त तक सिर्फ एक ही नपे-तुले ढर्रे पर बनाई गई फिल्मों को ही लोगों ने प्यार दिया है। हालांकि, बात अगर 70-80 के दशक की करें तो उन दिनों बॉलीवुड डायरेक्टर्स ज्यादा से ज्यादा क्रिएटिव होने की कोशिश कर रहे थे। आज हम आपको ऐसी ही एक बहुत यूनिक फिल्म के बारे में बताने जा रहे हैं। आज अगर इस तरह की फिल्म बनाई जाए, तो ज्यादा संभावना इस बात की है, कि यह बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट जाएगी, लेकिन उन दिनों इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाढ़ दिए थे। बल्कि, सच तो यह है कि अगर आपने गलती से कभी इस फिल्म की क्लिप्स रील्स में देखी होंगी तो शायद कोई क्रिंज पिक्चर समझकर आगे बढ़ गए होंगे। ज्यादातर लोग अभी भी इसे बहुत अजीब फिल्म समझते हैं, वजह है इसका बहुत अलग होना।



### 1946 में कर दिया ऐसा कमाल

जितनी दिलचस्प इस फिल्म की कहानी है, उससे कहीं ज्यादा दिलचस्प है इसे बनाने वाले डायरेक्टर की कहानी। इस फिल्म के डायरेक्टर चेतन आनंद थे, जिन्हें आज भी ज्यादातर लोग देव आनंद का भाई समझते हैं। हालांकि, उनकी अपनी अलग पहचान थी और कम लोग जानते हैं कि चेतन भारतीय सिनेमा की पहचान माने जाने वाले सत्यजीत रे की प्रेरणा थे। दरअसल, चेतन ने साल 1946 में अपनी फिल्म 'नीचा नगर' के जरिए वो करिश्मा कर दिखाया था, जो आज भी कोई दूसरी हिंदी फिल्म नहीं कर पाई है। चेतन की इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्राइज जीता था।

### फिल्म जिसमें हर कोई कविता में करता है बात

उनकी इसी उपलब्धि के बाद सत्यजीत रे ने उन्हें लेटर लिखा कि आपकी वजह से मुझे फिल्म बनाने की हिम्मत मिली है। इतनी बड़ी कामयाबी के बाद चेतन आनंद ने एक और मील का पत्थर रखने का फैसला किया था। उन्होंने 1970 में तय किया कि वह एक ऐसी फिल्म बनाएंगे, जिसका हर डायलॉग किसी कविता की तरह होगा। इस फिल्म में कोई हल्की-फुल्की स्टार कास्ट नहीं थी। राज कुमार, पृथ्वीराज कपूर और प्राण जैसे कमाल के एक्टर्स को कास्ट करके उन्होंने एक ऐसी फिल्म बना डाली, जिसमें हर कोई कविताओं में बात करता नजर आता है।

## हॉलीवुड स्टार्स के बाद किया था लक्स का ऐड

# 16 साल में हुई शादी, बनीं हिंदी सिनेमा की पहली ग्रेजुएट एक्ट्रेस

*नई दिल्ली। बॉलीवुड ने कई अभिनेत्रियों ने अपने अभिनय और अपनी कलाकारी से अपना बड़ा नाम बनाया है। लेकिन, आज हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो अपने समय में एक मिसाल थी और उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए नए रास्ते बनाए। उन्हें हिंदी फिल्म जगत की पहले ग्रेजुएट एक्ट्रेस कहा जाता है। उन्होंने उस पॉपुलर ब्यूटी सोप का ऐड किया, जो उनसे पहले केवल हॉलीवुड की सुंदरियां ही करती थीं। प्रोफेशनल फ्रंट पर सफलता के बावजूद उनका निजी जीवन काफी संघर्षों से भरा रहा।*



### कौन हैं वो एक्ट्रेस?

हम बात कर रहे हैं बीते जमाने की मशहूर अभिनेत्री लीला चिटनिस की। लीला चिटनिस ने बॉलीवुड में 1930 से 1980 के दशक तक काम किया। उनका जन्म 1909 में हुआ था। ये उन चुनिंदा महिला अभिनेताओं में से थीं जो ग्रेजुएट (आर्ट्स में बैचलर) थीं। वह पहली फीमेल एक्टर थीं, जो ग्रेजुएट थी। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर के प्रोफेसर थे। उन्होंने लीला की शादी 16 साल की उम्र में ही तय कर दी थी।

### शादीशुदा जिंदगी

लीला चिटनिस ने गजानन यशवंत चिटनिस से शादी की, जो एक डॉक्टर थे और उसी ब्रह्म समाज समुदाय से थे, जिससे उनका परिवार जुड़ा था। शादी के बाद उनके चार बेटे हुए। उनकी राजनीतिक सोच भी एक जैसी थी। उन्होंने एक बार मशहूर मार्क्सवादी स्वतंत्रता सेनानी एम.एन. रॉय को अपने घर में पनाह दी थी और ब्रिटिश राज के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में अपना योगदान दिया था।

### शराब पीने वाले पति से हो गईं अलग

हालांकि, शादी सफल न हो पाने के कारण आखिरकार वह अपने शराब पीने वाले पति से अलग हो गईं। वापस लौटने पर, उन्हें अकेले ही अपने चार छोटे बेटों की परवरिश करने की मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ा। उस समय ग्रेजुएट होने वाली चुनिंदा महिलाओं में से एक होने के नाते, उन्होंने एक स्कूल में पढ़ाना शुरू किया। हालांकि, प्रोग्रेसिव मराठी ग्रुप 'नाट्यमन्वंतर' के साथ थिएटर की ट्रेनिंग लेने के कारण, उन्हें एक्टिंग में ही अपना असली मकसद मिला।

### फिल्मों में शुरुआती संघर्ष

हिंदी सिनेमा में लीला चिटनिस का सफर आसान नहीं था। 'जेंटलमैन डाकू' (1937) में ब्रेक मिलने से पहले उन्होंने कई फिल्मों में एक्स्ट्रा (सहायक कलाकार) के तौर पर काम किया। इस फिल्म में उन्होंने पुरुष के वेश में एक्शन सीन भी किए थे। 1939 में 'कंगन' की बॉक्स ऑफिस सफलता के साथ ही उन्होंने आखिरकार एक लीड एक्ट्रेस के तौर पर अपनी जगह बनाई। फिल्म में उन्होंने एक हिंदू पुजारी की बेटी का किरदार निभाया, जो अपने पिता की मर्जी के खिलाफ जाकर एक स्थानीय जमींदार के बेटे से प्यार करने लगती है।

### कंगन को मिली जबरदस्त कामयाबी

बॉम्बे टॉकीज, वह मशहूर प्रोडक्शन हाउस जिसने इस फिल्म को सपोर्ट किया था, समाज की स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने वाली फिल्में चुनने की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहा था। 'कंगन' फिल्म की जबरदस्त कामयाबी के बाद, लीला ने उस दौर की मशहूर अभिनेत्री देविका रानी की जगह ले ली। लीला चिटनिस ने बॉम्बे टॉकीज के एक और बड़े कलाकार अशोक कुमार के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया, जिनमें एन.आर. आचार्य की बंधन और आजाद (1940) और ज्ञान मुखर्जी की झूला (1941) शामिल है।

## यात्रियों को त्योहारी सीजन में थर्ड एसी, द्वितीय शयनयान व साधारण श्रेणी के डिब्बों की सुविधा

# यात्रियों की सुविधा के लिए एक अगस्त से 28 जोड़ी रेलगाड़ियों में बढ़ाए जाएंगे 88 डिब्बे

### ट्रेन यात्रियों को एक महीने तक मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन।

रेलवे की ओर से त्योहारी सीजन पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए 28 जोड़ी रेलसेवाओं विभिन्न श्रेणी के 88 डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि ट्रेनों में एक अगस्त से एक सितंबर तक डिब्बे बढाए जा रहे है। ट्रेनों में थर्ड एसी, द्वितीय शयनयान व साधारण श्रेणी के कोच बढाए जा रहे है। गाड़ी संख्या 19611/19614 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से एक अगस्त से 31 अगस्त तक तथा अमृतसर से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 19613/19612 अजमेर-अमृतसर-अजमेर रेलसेवा में अजमेर से एक अगस्त से 31 अगस्त तक तथा अमृतसर से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 द्वितीय शयनयान, गाड़ी संख्या 14854/14853 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक तथा वाराणसी सिटी से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14864/14863 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक तथा वाराणसी सिटी से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक त1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14866/14865 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 अगस्त से 31 सितंबर तक व वाराणसी सिटी से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 थर्ड एसी श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14735/14736 श्रीगंगानगर-अम्बाला-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में एक अगस्त से 31 अगस्त तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14709/14710 हनुमानगढ-जयपुर-हनुमानगढ एक्सप्रेस रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 54754/54753 श्रीगंगानगर-बठिण्डा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में एक अगस्त से 31 अगस्त तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बे तथा गाड़ी संख्या 54756/54755 श्रीगंगानगर-बठिण्डा-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में एक अगस्त से 31 अगस्त तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

### रेवाड़ी की ट्रेनों में साधारण श्रेणी के डिब्बे बढ़ाए जाएंगे

गाड़ी संख्या 19617/19618 मदार-रेवाड़ी-मदार रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 19620/19619 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 59632/59631 रेवाड़ी-हिसार-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 19622/19621 रेवाड़ी-फुलेरा-रेवाड़ी रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 59630/59629 फुलेरा-जयपुर-फुलेरा रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 09635/09636 जयपुर-रेवाड़ी-जयपुर रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 5 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14795/14796 भिवानी-कालका-भिवानी रेलसेवा में 1 अगस्त से 31 अगस्त तक 3 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14705/14706 भिवानी-ढेहर का बालाजी-भिवानी रेलसेवा में 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 3 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बे तथा गाड़ी संख्या 14725/14726 भिवानी-मथुरा-भिवानी रेलसेवा में भिवानी से 3 अगस्त से 2 सितंबर तक एवं मथुरा से 4 अगस्त से 3 सितंबर तक 3 द्वितीय साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की गई है। गाड़ी संख्या 14715/14716 हिसार-जयपुर-हिसार रेलसेवा में हिसार से 1 अगस्त से 31 अगस्त तक एवं जयपुर से 4 अगस्त से 3 सितंबर तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14734/14733 जयपुर-बठिंडा-जयपुर रेलसेवा में 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 54704/54703 जयपुर-बठिंडा-जयपुर रेलसेवा में जयपुर से 3 अगस्त से 2 सितंबर तक एवं बठिंडा से 4 अगस्त से 3 सितंबर तक 4 साधारण श्रेणी डिब्बों की बढोतरी की जा रही है। गाड़ी संख्या 22491/22492 जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर रेलसेवा में जोधपुर से 1 अगस्त से 15 अगस्त तक एवं दिल्ली से 2 अगस्त से 16 अगस्त तक 1 थर्ड एसी व 1 थर्ड एसी इकोनोमी श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।

### दिल्ली सराय-जोधपुर ट्रेन में तीन डिब्बों की बढ़ोतरी

गाड़ी संख्या 12482/12481 श्रीगंगानगर-दिल्ली-श्रीगंगानगर एक्सप्रेस रेलसेवा में श्रीगंगानगर से एक अगस्त से 31 अगस्त तक एवं दिल्ली से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14731/14732 दिल्ली-बठिण्डा-दिल्ली एक्सप्रेस रेलसेवा में दिल्ली से एक अगस्त से 31 अगस्त तक एवं बठिण्डा से 2 अगस्त से 1 सितंबर तक 1 द्वितीय शयनयान श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 22464/22463, बीकानेर-दिल्ली सराय-बीकानेर रेलसेवा में बीकानेर से एक अगस्त से 29 अगस्त तक एवं दिल्ली सराय से 2 अगस्त से 30 अगस्त तक 1 थर्ड एसी, 1 द्वितीय शयनयान व 1 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 14714/14713 दिल्ली सराय-सीकर-दिल्ली सराय रेलसेवा में 5 अगस्त से 4 सितंबर तक 1 थर्ड एसी, 1 द्वितीय शयनयान व 1 साधारण श्रेणी डिब्बे, गाड़ी संख्या 12463/12464 दिल्ली सराय-जोधपुर-दिल्ली सराय रेलसेवा में दिल्ली सराय से 5 अगस्त से 2 सितंबर तक एवं जोधपुर से 6 अगस्त से 3 सितंबर तक 1 थर्ड एसी, 1 द्वितीय शयनयान व 1 साधारण श्रेणी डिब्बों की अस्थाई बढ़ोतरी की जा रही है।


रेवाड़ी। सैनिक स्कूल में बैठक में उपस्थित अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## सैनिक स्कूल में हुआ वर्तमान सत्र की योजनाओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी।

**उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करनेवाले कैडेट्स को किया सम्मानित**

गांव गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में मंगलवार को स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड की 18वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड के चेयरमैन एयर वाइस मार्शल मनमीत सिंह, अति विशिष्ट सेवा मेडल वरिष्ठ प्रशासन प्रभार-अधिकारी सीनियर ऑफिसर इंचार्ज मुख्यालय पश्चिमी वायु कमान नई दिल्ली ने की। इनके साथ ग्रुप कैप्टन रजनीश कुमार, कमान शिक्षा अधिकारी मुख्यालय पश्चिमी वायु कमान नई दिल्ली भी उपस्थित थे। प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने एलबीए चेयरमैन एयर वाइस मार्शल मनमीत सिंह व बोर्ड सदस्यों का स्वागत किया।

एयर वाइस मार्शल मनमीत सिंह ने कक्षा 10वीं में विषयवार शत-प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करनेवाले कैडेट नितिन, कैडेट आयुष, कैडेट रागणी व कैडेट यश को प्रशस्ति पत्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। मंच संचालन कैडेट आयुषराज व कैडेट आयुष सैनी ने किया।

इसके बाद स्थानीय प्रशासनिक बोर्ड की बैठक में बोर्ड के अध्यक्ष, सदस्यों व प्रतिनिधियों के रूप में चेयरमैन एयर वाइस मार्शल, प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल जयसिंह राठौड़, उप प्राचार्या स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी, एसडीएम संजीव कुमार, रेणु यादव प्रतिनिधि डीईओ, एक्सईएन सत्येन्द्र श्योराण पीडब्ल्यूडी, रवि लाडवाल एक्सईएन पीडब्ल्यूडी इलेक्ट्रिकल, अशोक कुमार एसडीओ पीएचईडी, मंजीत कुमार, रजनीश एस छावरी सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण विभाग, रविन्द्र कुमार अभिभावक प्रतिनिधि सदस्य, जी एस चौहान सीनियर मास्टर, अमित अंतिल कार्यालय अधीक्षक, अनिल शर्मा लेखाकार, एम के पांडे क्वार्टर मास्टर व सूबेदार अनिल कुमार एनसीसी जेसीओ उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय विद्यालय में रिक्त सीटों पर दाखिले 31 तक



**कोसली।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भाखली में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न कक्षाओं में सीमित रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य बीर सिंह यादव ने बताया कि जो अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भाखली में कराने के इच्छुक हैं, वे 31 जुलाई तक विद्यालय में आवेदन एवं प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते है। दाखिला की प्रक्रिया पूरी तरह से केंद्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार की जाएगी। पात्र अभ्यर्थियों का चयन संगठन के प्राथमिक क्रम एवं निर्धारित मानदंडों के आधार पर होगा।

### रेलसेवा की संचालन अवधि में 11 ट्रिप विस्तार

**रेवाड़ी।** रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए मदार-रेवाड़ी-मदार स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में 11 ट्रिप का विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09639/09640 मदार-रेवाड़ी-मदार स्पेशल रेलसेवा का मदार से एक अगस्त से 11 अगस्त तक एवं रेवाड़ी से 1 अगस्त से 11 अगस्त तक 11 ट्रिप का विस्तार किया जा रहा है। इस रेलसेवा का संचालन समय एवं ठहराव पहले की भांति ही रहेंगे।

## एसडीएम के तबादले की मांग, वकीलों ने सड़क पर उतरकर किया प्रदर्शन

- जिला सचिवालय का गेट खोलकर अंदर तक पहुंचे डीसी को दिया सीएम के नाम का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी



रेवाड़ी। एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर प्रदर्शन करते वकील।

9 दिनों से एसडीएम के तबादले की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे जिला बार एसोसिएशन के वकीलों ने मंगलवार को शहर में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद वकील जिला सचिवालय का गेट खोलकर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद डीसी को सीएम के नाम का सौंपा। वकीलों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द एसडीएम का तबादला नहीं किया गया, तो आंदोलन को प्रदेश स्तर पर खड़ा कर दिया जाएगा। सीनियर वकीलों के साथ दुर्व्यहार करने और करोड़ों रुपये की स्टांप ड्यूटी माफ करने के आरोपों को लेकर वकील 9 दिन से हड़ताल पर हैं। इससे अदालतों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वकील प्रदेश सरकार से एसडीएम का तबादला करने की मांग पर अड़े हुए हैं। आंदोलन शुरू होने के बाद एसडीएम अवकाश पर भेजे जा चुके हैं। दूसरे एसडीएम को कार्यभार सौंपा हुआ है, लेकिन वकील एसडीएम का तबादला चाहते हैं। लगातार धरना दे रहे वकीलों के साथ उनके मुंशी भी शामिल हैं। वकीलों की हड़ताल के चलते 20 से अधिक अदालतों का कामकाज प्रभावित हो रहा है। कोर्ट में तारीख वह अन्य कार्य से आने वाले लोगों को निराशा का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में वकील शामिल हुए, जिससे सरकार को वकील एकता का संदेश दिया गया।

## ग्रामीण जलापूर्ति के लिए ओ एंड एम नीति लागू

- सिंगल विलेज मेंटेनेंस स्कीम के छह चयनित ग्राम पंचायतों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी


रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी मीणा। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जल जीवन मिशन 2.0 के अंतर्गत ग्रामीण जलापूर्ति प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव (ओ एंड एम) के लिए नीति लागू की गई है। इसका उद्देश्य ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव में ग्राम पंचायतों एवं स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जलापूर्ति व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनाना है। डीसी ने नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मंगलवार को जिला सचिवालय में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीसी ने कहा कि ओ एंड एम नीति-2026 ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के दीर्घकालिक एवं प्रभावी संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस नीति के माध्यम से ग्राम पंचायतों को अधिक सशक्त बनाते हुए सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि नीति के तहत जल बिलिंग, उपभोक्ता शुल्क संग्रहण, शिकायत निवारण तथा अन्य संचालन संबंधी गतिविधियों में महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी सुनिश्चि की जाए। उन्होंने जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठकों की कार्यवाही तथा अन्य आवश्यक सूचनाएं भारत सरकार के आईएमआईएस-जेजेएम पोर्टल पर नियमित एवं समयबद्ध रूप से अपलोड करने के निर्देश भी दिए। डीसी ने निर्देश दिए कि चयनित सभी ग्राम पंचायतों में पैरेंट-चाइल्ड बैंक अकाउंट प्रणाली को शीघ्र क्रियाशील बनाया जाए, ताकि योजना के अंतर्गत वित्तीय लेन-देन निर्धारित व्यवस्था के अनुसार सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

### इन गांवों का हुआ चयन

अधिकारियों ने बताया कि सिंगल विलेज मेंटेनेंस स्कीम के अंतर्गत जिले के लोहाना, जुड्डी, बोड़िया कमालपुर, अहरोद, नांगल जामालपुर, कोलाना, नांधा, बासदूधा, गुमीना तथा डवाना गांवों का चयन किया गया है। इनमें से छह चयनित ग्राम पंचायतों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं और बैंक खाते खोले जा चुके हैं, जबकि अहरोद ग्राम पंचायत का बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बैठक में एडीसी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल मोदी, डीडीपीओ नरेंद्र सरवान और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता विनय प्रकाश चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने देखी कारगिल युद्ध पर डाक्यूमेंट्री फिल्म

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रीजनल सेंटर में कारगिल विजय के उपलक्ष्य में मंगलवार को एनएसएस इकाई के तत्वावधान में छात्राओं और स्टाफ सदस्यों को कारगिल युद्ध पर डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डा. अंजलि के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान से हुई। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर कारगिल के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। निदेशक डा. यशपाल शर्मा व डा अनिल कुमार ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें देश के सैनिकों के अदम्य साहस, अनुशासन और राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा देता है। हमें उनके त्याग से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया।

## विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों की दी जानकारी

- स्कूल को ईको फ्रेंडली बनाने का दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी


रेवाड़ी। कार्यशाला में विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

विकास इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों की कार्यशाला आयोजित की गई। पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां की प्रांत नारी शक्ति प्रमुख एकता कौशिक के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में पर्यावरणविद रविन्द्र यादव जिला सह संयोजक मुख्य अतिथि व सह शिक्षण संस्थान प्रमुख सूबेदार दीपक यादव मुख्य वक्ता थे। इस मौके पर रविन्द्र यादव ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण अभियान, पानी का सयंमित उपयोग, पॉलीथिन से बचाव, कपड़े के थेले के प्रयोग, वेस्ट का पुनः प्रयोग, ईको ब्रिक बनाने, सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने, कूडे का सही निस्तारण करने व पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के बारे में अवगत कराया। सह जिला संयोजक ने स्कूल को ईको फ्रेंडली बनाने का संकल्प दिलाया।



## नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रुः जितेन्द्र

**रेवाड़ी।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने मंगलवार को गांव राजपुरा खालसा व किशनगढ़ बालावास में ग्रामीणों व युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर अपराधों व ट्रैफिक नियमों को लेकर भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी नए-नए तरीकों से व्यक्तिगत जानकारी हासिल करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में आप सभी को सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। उन्होंने कहा कि नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें। इस मौके पर ग्रामीणों ने नशा और साइबर अपराधों से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई।

## साइबर अपराधों से बचने का सबसे प्रभावी माध्यम सतर्कताः एसपी

# 'अभेद्य' एप बनेगा साइबर अपराध के खिलाफ सुरक्षा कवच

- बैंक ओटीपी एटीएम पिन किसी अनजान व्यक्ति से साझा न करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी


रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

बढ़ते डिजिटल लेन-देन के इस दौर में जहां ऑनलाइन सेवाएं सुगम हुई हैं, वहीं साइबर अपराधियों को आमजन को ठगने, डराने और मानसिक रूप से प्रताड़ति करने के नए-नए तरीके मिल गए हैं। जिला पुलिस नागरिकों की गाढ़ी कमाई को बचाने और उनकी डिजिटल सुरक्षा को सुनिश्चित करने के प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस की ओर से विकसित तकनीक आधारित अत्याधुनिक 'अभेद्य' मोबाइल एप को साइबर अपराध, रंगदारी और डिजिटल उत्पीड़न के खिलाफ एक सशक्त हथियार के रूप में उभर रहा है। साइबर सुरक्षा के गोल्डन रूल्स एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि साइबर अपराधों से बचने का सबसे प्रभावी माध्यम जागरूकता और सतर्कता है। साइबर अपराधियों के जाल से बचने के लिए गोपनीयता बनाए रखें। अपना बैंक ओटीपी, कार्ड का सीवीवी, एटीएम पिन या इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। अज्ञात लिंक और एपीके फाइलों से बचें। व्हाट्सएप, एसएमएस या ईमेल पर आने वाले किसी भी संदिग्ध लिंक या अज्ञात ऐप्स पर क्लिक न करें। साइबर ठग फोन का कंट्रोल लेकर डेटा और पैसे चुरा सकते हैं। पुलिस, सीबीआई, ईडी, कस्टम्स या अन्य कोई भी सरकारी एजेंसी कभी भी वीडियो कॉल के माध्यम से किसी को डिजिटल अरेस्ट नहीं करती और न ही पैसे ट्रांसफर करने को कहती है। ऐसा कॉल आते ही बिना डरे तुरंत फोन काटें। ज्यादा मुनाफे वाली फर्जी इन्वेस्टमेंट स्कीमों, टेलीग्राम टास्क, लॉटरी या पार्ट-टाइम जॉब के नाम पर पैसे की मांग करने वाले विज्ञापनों पर भरोसा न करें।

### रंगदारी व फर्जी कॉल्स पर भी लगेगा अंकुश

साइबर अपराधों और धमकी भरे कॉल्स पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए हरियाणा पुलिस की ओर से अभेद्य मोबाइल ऐप विकसित किया गया है। यह ऐप नागरिकों को फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल्स, रंगदारी, डिजिटल अरेस्ट के खतरों और ऑनलाइन उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करता है। यह ऐप अज्ञात, वर्चुअल और संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय नंबरों की 24/7 निगरानी करता है और फोन की घंटी बजने से पहले ही संदिग्ध कॉल्स को ब्लॉक कर देता है। ऐप में फर्जी कॉल्स, मैसेज, वॉयस नोट्स व संदिग्ध सामग्री यूजर तक पहुंचने से पहले ही फिल्टर हो जाती है, जिससे मानसिक तनाव और डर का माहौल समाप्त होता है। यूजर की गोपनीयता बनाए रखते हुए, यह ऐप पुलिस को बैक-एंड सिस्टम के जरिए अपराधियों तक पहुंचने और उन्हें ट्रेस करने में मदद करता है।

### साइबर धोखाधड़ी होने पर ये कदम उठाएं

यदि किसी कारणवश आप या आपका कोई परिचित साइबर फ्रॉड का शिकार हो जाता है, तो घबराएं नहीं। वित्तीय ठगी होते ही बिना समय गंवाए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें। गोल्डन अवर्स के अंदर सूचना देने पर ठगी गई राशि को अपराधियों के खातों में फ्रीज कराए जाने की संभावना सर्वाधिक होती है। नागरिक राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज कराते समय ट्रांजैक्शन आईडी, बैंक खाता विवरण, यूपीआई आईडी और संबंधित मोबाइल नंबर की जानकारी रखें।

## पीएम श्री जेएनवी में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

नवोदय विद्यालय समिति की ओर से कक्षा छह में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे है, आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय नैचाना के प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट नवोदया.जीओवी.इन के माध्यम से किए जा सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए वही विद्यार्थी पात्र होंगे, जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान मान्यता प्राप्त सरकारी अथवा गैर-सरकारी विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हैं। साथ ही अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 28 नवंबर को जिले के निर्धारित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सबसे पहले जेएनवीएसटी की आधिकारिक वेबसाइट नवोदया.जीओवी.इन पर जाएं।

**ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर**
ब्लॉक बावल, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)
**नीलामी सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर में SC चौपाल की मरम्मत के दौरान पुराना व अनुपयोगी सामान (लोहे के गार्डर, लकड़ी के गार्डर (कड़ी), लकड़ी के दरवाजे, खिड़कियां (जंगले), लोहे का मेन गेट, पटाव (पत्थर) व अन्य सामान, लोहे के जाल आदि सामान निकाला गया था। जिसकी खुली नीलामी 05.08.2026 बुधवार को प्रातः 11 बजे SC चौपाल के प्रांगण में की जाएगी। बोलीदाता को 10 हजार रुपये सिक्योरिटी जमा करानी होगी। अन्य शर्तें मौके पर पढ़कर बता दी जाएगी।
सरपंच- बबीता
ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर, ब्लॉक बावल, जिला रेवाड़ी
मोबाइल नंबर 9416744233,9671146246

**सरपंच ग्राम पंचायत फिदेड़ी**
खण्ड रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी (हरियाणा)
**निविदा सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फिदेड़ी खण्ड रेवाड़ी में पुराने लोहे के जाल - 20 पुराने लोहे के दो (02) दरवाजे 3 जंगले, 15 सोलर लाइट, 2 पुरानी बैटरी की खुली बोली दिनांक 30.07.2026 को प्रातः 11 बजे एससी चौपाल में लगाई जाएगी।
सम्पर्क सूत्र : सरपंच ग्राम पंचायत फिदेड़ी, 9992321447
हस्ता/- लाल सिंह, सरपंच
ग्राम पंचायत फिदेड़ी (रेवाड़ी)

## अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग की योगासन, टेबल टेनिस, कुश्ती, जिम्नास्टिक व बैडमिंटन प्रतियोगिताएं

# जिला स्तरीय खेलों में गर्ल्स व ब्वायज ने दिखाया दम, विजेता खिलाड़ी राज्य स्तर पर दिखाएंगे जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित की जा रही जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्र व छात्राएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे है। मंगलवार को अंडर-14, 17 व 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने खेलों में अपना दम दिखाया। मंगलवार को क्रिकेट ट्रायल, शतरंज प्रतियोगिता, योगासन व टेबल-टेनिस प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा लड़कों की शूटिंग, टेबल टेनिस, हॉकी व लड़कियों की बैडमिंटन, कुश्ती व जिम्नास्टिक प्रतियोगिताएं भी हुई। देर शाम तक प्रतियोगिताएं जारी रहीं। खंड स्तर पर विजेता प्रतिभागी और टीम के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। शिक्षा विभाग से एईओ भूपेन्द्र यादव व एईईओ सुनील कुमार ने बताया कि स्कूली खेल प्रतियोगिताओं को शांतिपूर्ण व नियमानुसार आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में योग के प्रति रुचि बढ़ाना, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना तथा नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता के विभिन्न आयु वर्गों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया गया, जो अब आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

■ खंड स्तर पर विजेता प्रतिभागी और टीम के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई


रेवाड़ी। कुश्ती प्रतियोगिता में दम दिखाते हुए खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे कुश्ती व जिम्नास्टिक के परिणाम

खेड़ा मुरार स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में लड़कियों ने विभिन्न भार वर्ग में दम दिखाया। रेवाड़ी, बावल, नाहड़, जाटूसाना व खोल की अंडर-14, अंडर-17 व अंडर-19 आयु वर्ग में हुई कुश्ती प्रतियोगिता में महिला प्रशिक्षक पूनम, सेवानिवृत्त जिला कुश्ती कोच प्रियव्रत, पीटीआई देवेंद्र, अनिल, राजेश, रवि यादव, सतीश ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। अंडर-14 की कुश्ती में 30 किलोग्राम में मोनिका खेड़ा मुरार, 33 किग्रा में हर्षिका नाहड़, 36 किग्रा में आचुकी कमालपुर व 39 किग्रा में अभिराज कमालपुर विजेता रहीं। अंडर-17 के 40 किग्रा में नितिशा नाहड़, 43 किग्रा में सुषमा बावल, 40 किग्रा में पूनम बावल, 49 किग्रा में तन्नु तथा 53 किग्रा में खुशी बावल विजेता रहीं। अंडर-19 के 50 किग्रा में मेघा नाहड़, 53 किग्रा में यशिका बावल व 55 किग्रा में काजल बावल विजेता रहीं। जिम्नास्टिक के अंडर-14 लड़कों की आटिस्टिक स्पर्धा में वैभव, भाविक, मंजीत सिंह, रिहान राव, रक्षित, अंश सैनी क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पाचवें व छठे स्थान पर रहे। वहीं अंडर-17 में अंश विजेता रहे।

### टेबल टेनिस गर्ल्स के परिणाम

अंडर-14 आयु वर्ग में आरपीएस बीएमजी से हिमानी, महक, चार्वी, निशिता व सिमान्या का चयन किया गया। अंडर-17 आयु वर्ग में राजकीय स्कूल हांसाका से लक्ष्मी, सतीश स्कूल से तुलसी, डीपीएस से काव्या, एमएपी स्कूल से आरती व राजकीय स्कूल से दित्या का चयन किया गया। वही अंडर-19 आयु वर्ग में जेपीएस से याना, एमएपीएस से भावना, आरपीएस हांसाका से भव्या, आरपीएस धारूहेड़ा से वैभवी व डीपीआईएस से तन्वी का चयन किया गया।


टेबिल-टेनिस प्रतियोगिता में खेलती खिलाड़ी।

### टेबिल टेनिस ब्वायज के परिणाम

अंडर-14 आयु वर्ग में आरपीएस बीएमजी जीवांश प्रथम, सैनी स्कूल से दक्ष द्वितीय, बसंत स्कूल से युवराज तृतीय, जीएलएच से विवेक चतुर्थ व आरपीएस बीएमजी से निशांत पांचवे स्थान पर रहे। अंडर-17 आयु वर्ग में राज स्कूल से इशांक प्रथम, आरपीएस हांसाका से दक्ष द्वितीय, होली चाइल्ड स्कूल से कुशल तृतीय, होली चाइल्ड स्कूल से तनुश चतुर्थ व सतीश स्कूल से महेश ने पांचवा स्थान पाया। अंडर-19 आयु वर्ग में एमएपी स्कूल से गौरव प्रथम, राजकीय स्कूल बोड़िया कमालपुर से पुलकित द्वितीय, राज स्कूल से पार्थ ने तृतीय, एमएपी स्कूल से मयंक चतुर्थ व जैन स्कूल से निमिष पांचवे स्थान पर रहे।

### ब्वॉयज आर्टिस्टिक योगा के परिणाम

आर्टिस्टिक योगा सिंगल के अंडर-14 आयु वर्ग में माउंट हेरिटेज स्कूल से चवन जाखड़ विजेता रहा। आर्टिस्टिक योगा पेयर में राजकीय हाई स्कूल सुठाना से हर्षराज व नितिन कुशवाहा विजेता रहे। रिद्धिमिक पेयर में राज इंटरनेशनल स्कूल से यश व नोमित विजेता रहे। आर्टिस्टिक योगा सिंगल अंडर-17 आयु वर्ग में विमल हृदय कॉन्वेंट स्कूल से आयुष विजेता रहे। आर्टिस्टिक योगा पेयर में आरपीएस धारूहेड़ा से हार्दिक व तनुज विजेता रहे। रिद्धिमिक पेयर में गुरुकुल किशनगढ़ घासेड़ा से हर्ष शर्मा व विमल सिंह विजेता रहे।

### ब्वॉयज ट्रेडिशनल योगा के परिणाम

अंडर-14 आयु वर्ग में माउंट हेरिटेज स्कूल से चवन जाखड़ प्रथम व राजकीय हाई स्कूल सुठानी से हर्ष द्वितीय स्थान पर रहे। अंडर-17 आयु वर्ग में गुरुकुल किशनगढ़ घासेड़ा से उत्तम सागर प्रथम तथा विमल हृदय कॉन्वेंट स्कूल से आयुष द्वितीय स्थान पर रहा। अंडर-19 आयु वर्ग में आरपीएस धारूहेड़ा से युवी नेगी प्रथम व विवेकानंद सीनियर सैकेंडरी स्कूल डहीना से पियूष द्वितीय स्थान पर रहा।


रेवाड़ी। योग प्रतियोगिता में प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी।


रेवाड़ी। विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## अंडर-14 व 19 आयु वर्ग में भिवानी

# अंडर-17 में रोहतक की टीम बनी खो-खो टूर्नामेंट की विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ विजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर और मेडल पहनाकर सम्मानित किया

विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर में मंगलवार को तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर खो-खो टूर्नामेंट का समापन हो गया। प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसएचओ सदर पुलिस थाना राकेश कुमार थे। कार्यक्रम में विवेकानन्द ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन के चेयरमैन रामानंद यादव ने भी शिरकत की। मुख्य अतिथि, चेयरमैन व डायरेक्टर एडवोकेट सुधीर यादव ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर और मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

टूर्नामेंट में अंडर-14 आयु वर्ग में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस भिवानी की टीम ने प्रथम, गुरुकुल हाई स्कूल रोहतक की टीम ने दूसरा तथा विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर व एनआईसी रोहतक की टीमों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में गुरुकुल हाई स्कूल रोहतक की टीम ने पहला, सीबीएस मेमोरियल स्कूल चरखी दादरी ने दूसरा तथा आर्यन पब्लिक स्कूल लाखन माजरा व यदुवंशी स्कूल महेंद्रगढ़ की टीमों ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-19 वर्ग में आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस भिवानी की टीम ने पहला, विवेकानंद पब्लिक स्कूल ने दूसरा तथा यदुवंशी स्कूल महेंद्रगढ़ व गुरुकुल हाई स्कूल रोहतक की टीमों ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। स्कूल के डायरेक्टर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर मोहित यादव, प्रधानाचार्या ज्योती यादव, विद्यालय के सीनियर, मिडिल व प्राइमरी विंग के कोर्डिनेटर्स सौरभ वर्मा, रीना यादव व सीमा सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### युवाओं ने पौधे रोपित कर दिया संदेश



**खोरी।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से ढाणी सुंदरोज में युवाओं की ओर से पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत युवाओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के तहत 200 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर कमल, प्रवीण, जगमाल, सर्वेश और महेश ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का भी संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बढ़ता प्रदूषण और घटते जंगल आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर चुनौती हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखरेख भी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे न केवल शुद्ध हवा प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, मिट्टी के कटाव को रोकने और जैव विविधता को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत आगामी दिनों में शेष पौधे भी लगाए जाएंगे और उनकी नियमित देखभाल की जाएगी।




### कॉलेज में मनाया कारगिल विजय दिवस

**धारूहेड़ा।** राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से मंगलवार को उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति तथा भारतीय सेना के वीर जवानों के अद्वितीय साहस एवं बलिदान के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, भाषण प्रतियोगिता तथा कारगिल युद्ध पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या दयावती ने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमें राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों की वीरता और त्याग की याद दिलाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी डा. मोनू व अमन कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस मौके पर राजश्री सहित सभी प्राध्यापक कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद थे।

### पौधरोपण के साथ की नए सत्र की शुरुआत



**रेवाड़ी।** एसएसएस राजकीय बहुतकनीकी धामलावास में नए सत्र की शुरूआत पौधरोपण करके की गई। प्रधानाचार्य विजय सिंह खिलेरी ने स्टाफ सदस्यों के साथ पौधारोपण किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कुछ पौधे अपने जीवन काल में अवश्य लगाने चाहिए और पौधरोपण के साथ-साथ उनका पालन पोषण करना भी बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष रचना यादव, अमितेंद्र सिंह, परमजीत सिंह, मुकेश पूनिया, मनेंद्र सिंह, राकेश यादव, विजय यादव, कृष्ण माखरिया, संजय व राहुल सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

## डहीना की बेटी सोनिया यादव का शोध अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका में प्रकाशित

■ छात्रा ने वायु प्रदूषण और ओजोन निर्माण पर किया महत्वपूर्ण अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। सोनिया यादव।

जिले के डहीना गांव निवासी राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय की वायुमंडलीय रसायन विज्ञान की शोधार्थी सोनिया यादव ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उनका शोध प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल सांइसेज में प्रकाशित हुआ है। सोनिया यादव के शोध में उत्तर-पश्चिम भारत के अर्ध-शुष्क क्षेत्र के वातावरण में वाहनों, एलपीजी, ईंधन तथा पेंट आदि से निकलने वाले 26 प्रकार के गैर-मीथेन हाइड्रोकार्बन का लगातार दो वर्षों तक मापन और विस्तृत विश्लेषण किया गया। अध्ययन में बताया गया है कि ये यौगिक सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में रासायनिक अभिक्रियाओं के माध्यम से हानिकारक सतही ओजोन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शोध के अनुसार इन गैसों के प्रमुख स्रोत वाहनों से होने वाला उत्सर्जन, एलपीजी का रिसाव, पेट्रोल-डीजल का वाष्पीकरण, पेंट एवं सॉल्वेंट का उपयोग तथा विभिन्न दहन प्रक्रियाएं हैं। अध्ययन में यह भी सामने आया कि गर्मियों में अधिक तापमान के कारण इन गैसों का वाष्पीकरण बढ़ जाता है, जिससे सतही ओजोन बनने की संभावना भी अधिक हो जाती है। यह अध्ययन विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि उत्तर-पश्चिम भारत के अर्ध-शुष्क क्षेत्र में इस विषय पर यह पहला विस्तृत और दीर्घकालिक वैज्ञानिक अध्ययन है।

## वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी: कुलपति

■ विश्वविद्यालय परिसर को अधिक हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित पौरोपण सप्ताह का शुभारंभ कुलपति प्रो. असीम मिगलानी व कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह ने पौधरोपण करके किया। सभी ने विश्वविद्यालय परिसर को अधिक हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर कुलपति प्रो. मिगलानी ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना तथा उनका संरक्षण करना अत्यंत आवश्यक है।


रेवाड़ी। आईजीयू में पौधरोपण करते कुलपति, स्टाफ व एनएसएस स्वयंसेवक।

**ये रहे मौजूद**

प्रो. सुनील कुमार, प्रो. करण सिंह, प्रो. दीपक गुप्ता, प्रो. रविंद्र, डा. बिरेंद्र कुमार,डा. सुशांत यादव, डा. अनीता, डा. जयपाल, डा. अमनदीप, डा. संदीप कुमार व मंजीत सहित स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### पति सहित चार ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**कोसली।** कोसली गांव की एक विवाहिता ने चरखी दादरी निवासी अपने पति सहित चार ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, अभद्र व्यवहार व मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह दस वर्ष पूर्व चरखी दादरी निवासी रवि से हुआ था। उसके माता पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज दिया था। परन्तु उसका पति, सास ससुर व देवर शादी में दिए गए दहेज से खुश नहीं थे और शादी के तुरंत बाद ही और दहेज की मांग को लेकर उसे तंग व उसके साथ मारपीट करने लगे। उसने दो बच्चों को जन्म दिया और उसके माता पिता ने दोनों बच्चों के छुछक में भी अपनी हैसियत से बढकर खर्च किया था, परन्तु आरोपी उससे भी खुश नहीं थे। उसका पति और सास-ससुर मांग पूरी करने से इंकार करने पर गाली गलोज तथा मारपीट भी करते हैं। विवाहिता ने पति पर अप्राकृतिक यौनाचार करने व देवर पर गंदी नजर रखने का आरोप भी लगाया है। विवाहिता के अनुसार बेटी के जन्म के बाद ससुराल पक्ष ने उसे धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया। सूचना के बाद उसके परिजन ससुराल आए तथा बातचीत करने की कोशिश की तो उन्होंने उनके साथ भी गाली गलोज की तथा जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसने कोसली थाने में शिकायत दी।

## आज श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, उल्लास और वैदिक परंपराओं के अनुसार मनाया जाएगा। सनातन संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी उच्च दर्जा दिया गया है। शिष्य अपने गुरुओं का पूजन कर उनसे आशीर्वाद ले रहे हैं और उनके दिखाए सन्मार्ग पर चलने का संकल्प दोहरा रहे हैं। ज्योतिषाचार्य दलीप शास्त्री का कहना है कि गुरु पूर्णिमा का यह पावन दिन महाभारत, पुराणों और वेदांत के रचयिता महर्षि वेदव्यास के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। इसी कारण इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। महर्षि वेदव्यास जी ने ही मानव जाति को चारों वेदों का ज्ञान सुलभ कराया और श्रीमद्भागवत व 18 पुराणों की रचना की। वे संपूर्ण मानव जाति के प्रथम गुरु माने जाते हैं। आज के दिन विभिन्न शिक्षण संस्थानों और धार्मिक स्थलों पर वेदव्यास जी के चित्र व प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ आज देश भर के प्रमुख स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी विशेष गुरु पूजन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### प्रथम एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन




**रेवाड़ी।** बैंकॉक थाईलैंड में 24 से 26 जुलाई तक आयोजित प्रथम एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। स्पोर्ट्स आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि चैंपियनशिप में हरियाणा के छह खिलाड़ियों ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 4 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में देवांशु, दीपांशु, युग और दीक्षा ने स्वर्ण पदक, हर्ष ने रजत पदक तथा लक्ष्य ने कांस्य पदक जीता। स्पोर्ट्स आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन हरियाणा ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है। उन्हें विश्वास है कि भविष्य में भी ये खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इसी प्रकार शानदार प्रदर्शन कर भारत के लिए नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

**मौसम** हल्की बारिश के बाद पांच डिग्री से ज्यादा गिरा पारा, लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली राहत

# दिन भर छाई रहीं घनघोर घटाएं खुलकर बरसने में बरती गई कंजूसी

आसमान में छाए बादलों से जल्द अच्छी बारिश का अनुमान लगाया जा रहा


धारूहेड़ा की गली में जमा बरसात का पानी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लंबे इंतजार के बाद मानसून के एक बार फिर से सक्रिय होने की संभावना तो बनी, परंतु आसमान में घनघोर घटाएं छाने के बाद भी अच्छी बारिश का इंतजार खत्म नहीं हुआ। लगभग पूरे जिले में हल्की बारिश हुई। इससे तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई। आसमान में छाए बादलों से जल्द अच्छी बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है। सोमवार की रात जिले के डहीना और मनेठी खंडों में हल्की बारिश होने के बाद मौसम साफ हो गया। मंगलवार को सुबह से ही आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। उमस भरी गर्मी ने दोपहर तक लोगों को जमकर परेशान किया। इसके बाद काली घटाओं ने बरसना शुरू कर दिया। लगभग सभी खंडों में बारिश तो हुई, लेकिन बदरा जमकर नहीं बरते। औसत 3 एमएम तक बारिश होने का अनुमान है। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से भारी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल गई। अधिकतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 32.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनत तापमान 0.4 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 27.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में कमी के बाद लोगों को उमस भरी से कुछ राहत मिल गई। कई दिनों से उमस भरी गर्मी लोगों का पसीना छुड़ा रही थी। बारिश के बाद मौसम अनुकूल हो गया। शाम तक आसमान में बादल गहराए रहने के कारण रात को भी हल्की या मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई थी।

**बारिश के बाद किसानों को कुछ समय के लिए सिंचाई से राहत मिल गई**

### सप्ताह के अंत तक मौसम रहेगा परिवर्तनशील

मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह के अंत तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिलेगा। आसमान में बादलों के बीच बार-बार बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। कुछ इलाकों में भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। सप्ताह के अंत में मानसून की सक्रियता काफी बढ़ने की उम्मीद है, जिससे भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

### अघोषित कटों से मिल रही राहत

भारी गर्मी के चलते बिजली की मांग काफी बढ़ गई थी। कृषि क्षेत्र में भी किसान फसल सिंचाई के लिए बिजली का इस्तेमाल कर रहे थे। बारिश के बाद किसानों को कुछ समय के लिए सिंचाई से राहत मिल गई है। बिजली की खपत में 10 लाख यूनिट तक की कमी दर्ज की गई है, जिससे अघोषित कटों से लोगों को निजात मिल गई है।

### कोसली से 16 अगस्त को निकलेगी श्याम निशान यात्रा

**कोसली।** कोसली के श्री श्याम मंदिर से 16 अगस्त को हुड़िया जैतपुरधाम तक श्री श्याम निशान व रथयात्रा निकाली जाएगी। श्रीश्याम सेवा मंडल के पूर्व प्रधान लीलूराम स्वामी ने बताया कि यात्रा प्रातः श्री श्याम मंदिर कोसली से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ होगी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर भजन-कीर्तन करते हुए हुड़िया जैतपुरधाम तक पहुंचेंगे। उन्होंने श्याम प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

**श्याम प्रेमियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील**